# प्रेस नोट

**पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 25.08.2026 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः**

- थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा अ0सं0 257/26 धारा 305 (a)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त सोनू पुत्र काली शंकर उम्र 35 वर्ष निवासी घड़ियां घुसटी थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना गजनेर पुलिस द्वारा अभियुक्त राजू उर्फ महेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 सरदार सिह निवासी करसा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 50 वर्ष के कब्जे से 45 अदद नाजायज देशी क्वार्टर ट्विन टावर ब्राण्ड के बरामद होने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0- 0210/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 18 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना रूरा पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों, थाना गजनेर पुलिस द्वारा 06 व्यक्तियों, थाना देवराहट पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों, थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति व थाना शिवली पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।